# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## राष्ट्रीय सेवा योजना

nssco.bubpl@gmail.com asaxena139@yahoo.co.in 9826329683

क्रमांक / 200 / रासेयो / 2022 भोपाल, दिनांक : 20 / 12 / 2022

प्रति,

निदेशक,

टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
(एक्सीलेंस), भोपाल, मध्यप्रदेश ।

विषय : आपकी संस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन स्ववित्तीय इकाई का संचालन ।

महोदय,

आपके द्वारा प्रस्तावित पत्र के संदर्भ में अवगत कराना है कि आपके संस्थान में वर्ष 2022–23 से 100 छात्र एवं छात्राओं की संयुक्त स्ववित्तीय इकाई प्रारम्भ की जा रही है। इस संबंध में सर्वप्रथम आपको ऐसे सहायक प्राध्यापक / व्याख्याता को कार्यक्रम अधिकारी के पद पर नियुक्त करना है जिसकी आयु 50 वर्ष से कम हो तथा वह समाज सेवा आदि कार्यों में रुचि एवं छात्रों को नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता रखते हों। क्रीड़ा अधिकारी / व्यायाम शिक्षक / ग्रन्थपाल / एन.सी.सी. प्रभारी शिक्षक को कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के पद पर नियुक्त नहीं किया जावे। नियुक्त कार्यक्रम अधिकारी से यह अपेक्षा है कि रासेयो गतिविधियों में निष्ठा एवं लगन से कार्य कर योजना को गति प्रदान करें एवं छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में योगदान देकर उन्हें रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें ।

संस्था से अपेक्षा है कि रासेयो गतिविधियों में स्वयंसेवकों के उत्साहवर्धन हेतु सम्पूर्ण संस्थान की संलग्नता रहे तथा शिक्षण कार्य के अलावा सामाजिक संलग्नता जैसी रासेयो गतिविधियों के लिए स्वयंसेवकों / कार्यक्रम अधिकारी को छूट प्रदाय की जाये। वर्ष भर संस्था एवं गोद ग्राम में नियमित गतिविधियों के अलावा गोद ग्राम में सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का आयोजन अनिवार्यतः किया जाये। संस्था में की गई रासेयो गतिविधियों की रिपोर्टिंग उचित माध्यम से की जाये।

आपसे निवेदन है कि कायर्क्रम अधिकारी नियुक्ति आदेश शीघ्र भिजवाने का कष्ट करें। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का बोर्ड संस्था में अवश्य लगवा दें । रासेयो छात्र–छात्राओं के पंजीयन हेतु आवदेन पत्र की एक प्रति संलग्न कर भेजी जा रही है । कृपया पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण करके उसकी सची की साफ्ट प्रति मले करवा दें। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल या दूरभाष से सम्पर्क किया जा सकता है ।

संलग्न :

1. कार्यक्रम अधिकारी जीवन वृत्त प्रपत्र
2. स्वयंसेवक पंजीयन प्रपत्र
3. बोर्ड का प्रारूप

भवदीय,

डॉ. अनंत कुमार सक्सेना

कार्यक्रम समन्वयक रासेयो